## पाठ 5

# स्वाद अलग-अलग

खाने की चीज़ें कई प्रकार की होती हैं। इनके स्वाद भी अलग–अलग होते हैं। कुछ खाने की चीज़ें मीठी होती हैं तो कुछ तीखी।

1. नीचे कुछ चीज़ों के नाम दिए गए हैं, उनके स्वाद बताइए–

| क्र.सं. | खाने की चीज़ें | स्वाद |
|---|---|---|
| 1. | जलेबी | |
| 2. | अचार | |
| 3. | लड्डू | |
| 4. | कचौड़ी | |
| 5. | मिर्च | |
| 6. | करैला | |
| 7. | आँवला | |
| 8. | इमली | |

2. मुँह के किस अंग की वजह से हमें वस्तुओं का स्वाद पता चलता है? उस अंग का नाम लिखिए और उसका चित्र बनाइए।

____________________________________________________

## दाँत बत्तीसी




कल मैं रोहित से बोली,
आँख मींच और मुँह खोल,
उसने सोचा मन-ही-मन,
आता है लड्डू मुँह में गोल
मैंने झटपट गिन डाले,
उसके मुँह के सारे दाँत ।
और बनावट देख के उनकी,
फिर बोली मैं अपनी बात।

### आइए ! कुछ कर के देखिए।



- बिना दाँतों को काम में लाए रोटी खाकर देखिए।
- सिर्फ पीछे के दाँतों से गाजर/मूली/सेब काटकर देखिए।
- बिल्कुल सामनेवाले दाँतों से गन्ने को छीलकर देखिए ।

5. अगर आपके मुँह में दाँत न हों तो क्या होगा?
   ________________________________________

6. आप भी अपने साथी के दाँतों को देखिए और बताइए–
   (i) क्या सभी दाँत एक जैसे दिखाई दे रहे हैं?________________________
   (ii) हमारे मुँह में कुछ दाँत हमें खाने की चीज़ों को काटने में मदद करते हैं, कुछ छीलने में और कुछ चबाने में। चित्र में तीनों तरह के दाँतों की पहचान कीजिए।



(iii) पिछले पृष्ठ पर बने चित्र में अलग–अलग तरह के दाँतों की संख्या पता लगाइए और सारणी में भरिए ।

| **काटनेवाले दाँत** | **छीलनेवाले दाँत** | **चबानेवाले दाँत** |
|---|---|---|
|  ________ |  ________ |  ________ |

(iv) क्या आपके चबानेवाले सभी दाँत एक जैसे हैं या अलग–अलग?

________________________________________________

7. बताइए–

| **क्र.सं.** | **प्रकार** | **इनसे क्या–क्या खाते हैं?** |
|---|---|---|
| 1. | काटनेवाले दाँत | |
| 2. | चबानेवाले दाँत | |
| 3. | छीलनेवाले दाँत | |

विभिन्न प्रकार के दाँतों के अलग–अलग नाम होते हैं।

| | |
|---|---|
| काटनेवाले दाँत | **कृन्तक (इनसाइजर)** |
| छीलनेवाले दाँत | **रदनक (केनाइन)** |
| चबानेवाले दाँत | **चवर्णक (मोलर)** |

8. कौन सा दाँत किस औज़ार की तरह काम करता है?

पिलास की तरह ________________________________

खरल की तरह ________________________________

कैंची की तरह ________________________________

9. (i) दाँत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। क्या इनकी संख्या बच्चे और बड़ों में एक समान रहती है या अंतर रहता है? ———————————————————

(ii) अलग–अलग उम्र में दाँतों की संख्या पता लगाइए।

| उम्र | दाँतों की संख्या |
|---|---|
| 6 माह का बच्चा/बच्ची | |
| 2–3 वर्ष का बच्चा/बच्ची | |
| 8–9 वर्ष का बच्चा/बच्ची | |
| 21 साल से ऊपर | |

10. जन्म के बाद आनेवाले दाँत को क्या कहा जाता है?

————————————————————————————————

11. (i) क्या आपके दाँत गिरे हैं? क्या इनकी जगह नए दाँत आ गए?

————————————————————————————————

(ii) अपने दादा–दादी से पता कीजिए कि अगर उनके दाँत टूटते हैं, तो क्या वे वापस आ जाते हैं?

————————————————————————————————

12. भोजन चबाने में दाँत और उसका स्वाद लेने के लिए जीभ की आवश्यकता होती है। अगर दाँत गंदे हों तो कई तरह की बीमारियाँ हो सकती हैं। इन्हें नियमित रूप से साफ करना आवश्यक है। आप अपने दाँतों की सफाई कैसे करते हैं?

————————————————————————————————

————————————————————————————————

————————————————————————————————

जिस तरह हमारे दाँत होते हैं, उसी तरह जानवरों के भी दाँत होते हैं। उनके दाँत भी गिरते हैं। कुछ जानवरों जैसे घोड़ा और शेर के भी दाँत मनुष्यों की तरह एक बार गिरते हैं और उनकी जगह फिर नए दाँत आते हैं। लेकिन साँप और मगरमच्छ अपने जीवन में कई बार दाँत बदलते हैं।